**International Theatre Institute ITI**
**World Organization for the Performing Arts**
UNESCO, 1 Rue Miollis, FR-75732 Paris Cedex 15
info@iti-worldwide.org / www.iti-worldwide.org

# इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट (यूनेस्को), पेरिस

## अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच दिवस की 50वीं वर्षगाँठ पर सन्देश : 27 मार्च, 2012

-जॉन मायकोविच अभिनेता व निर्देशक सयुंक्त राज्य अमरीका

" इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट(आई टी आई) ने मुझसे यूनेस्को में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच की 50वीं वर्षगाँठ पर बधाई सन्देश देने का आग्रह किया है | मेरे लिए ये बड़े सम्मान का विषय है । मैं साथी रंगकर्मियों ,सहकर्मियों और कामरेड्स के समक्ष अपनी बात संक्षिप्त में कहूँगा |

आपका का काम मौलिक, अकाट्य व विचलित करने वाला हो | संवेदनशील, गहन, विचारशील और विशिष्ट हो | वो हमें इस प्रश्न पर विचार करने के लिए प्रेरित करे कि मनुष्य होने का तात्पर्य क्या है, और यह विचार निष्कपट हो, स्पष्ट हो, संवेदना व गरिमा से परिपूर्ण हो | आप तंगहाली, सेंसरशिप, ग़रीबी और अंधेरों को पराजित करें - जो आप में बहुत से लोग निश्चित रूप से करना चाहेंगे | आप प्रतिभा संपन्न व दृढ़ निश्चयी हों और हमें अपनी पूरी जटिलता के साथ धड़कते मानव हृदय के बारे बताएं - आपमें वो विनम्रता और उत्सुकता हो जो इस पथ को आपके जीवन का उद्देश्य बनाए | और आप में जो कुछ भी सबसे अच्छा है - क्योंकि वह केवल आप ही का सबसे अच्छा पक्ष होगा - और केवल तब बिरले और सूक्ष्मतम क्षणों में - आप उस मूलभूत प्रश्न को चिन्हित करनें में सफल हों, "हम कैसा जीवन जियें?" आपकी यात्रा सफल हो |"

-जॉन मायकोविच

हिंदी अनुवाद

अखिलेश दीक्षित

Translation: Akhilesh Dixit